तापमान

भोपाल	40.5°	24.9°
इंदौर	39.9°	27.8°
जबलपुर	35.4°	26.0°
ग्वालियर	43.7°	27.1°

दैनिक
नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 77
(भोपाल : वर्ष 39 अंक 169,पृष्ठ 12)
शनिवार 18 मई 2024
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये

राजधानी... कांग्रेस-सपा लोगों को वोट का गुलाम बनाकर...


खेल... विश्व क्वालीफायर से पहले कोरिया में अभ्यास करेंगी...

व्यापार... एचएएल का चौथी-तिमाही में मुनाफा 52 प्रतिशत...

देश-विदेश... पीओके में जारी संघर्ष पर अलर्ट हुए शहबाज...

www.naiduniaonline.com

राममंदिर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलटना चाहती है कांग्रेसः मोदी

बाराबंकी (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा है कि अगर कांग्रेस आई तो राममंदिर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला बदल देगी और राममंदिर पर बुलडोजर चलवा देगी। जैदपुर मार्ग के समीप विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुये प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को इंडिया गठबंधन को नसीहत भी दी कि उन्हें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से ट्यूशन लेना चाहिए कि कहां बुलडोजर चलाना है और कहां नहीं। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय से कहा कि आपके एक वोट की ताकत ने 500 साल के इंतजार को खत्म करके भव्य राममंदिर में श्रीरामलला को विराजमान कराया।

वहीं, हमीरपुर में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बुंदेलखंड के लोग राष्ट्रहित के लिए सबसे आगे खड़े होने वाले लोग हैं। जिसको 4 जून के नतीजे जानने हो, वो बुंदेलखंड के ये दृश्य देख लें। उन्होंने लोगों से कहा कि आज मैं आपको सपा और कांग्रेस से सावधान करने के लिए आया हूं। सपा-कांग्रेस आपका वोट तो ले लेते हैं, लेकिन सरकार में आने के बाद ये सौगात उनको बांटते हैं, जो उनके लिए वोट जिहाद करता है। उन्होंने कहा कि इस बार तो सपा-कांग्रेस ने चुनाव से पहले ही इरादे साफ कर दिए हैं। कांग्रेस कह रही है कि वो सबकी संपत्ति की जांच कराएगी। फिर वो आपकी संपत्ति में से एक हिस्सा, उनके लिए वोट जिहाद करने वाले वोटबैंक को दे देंगे। मोदी ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ने धर्म के आधार पर आरक्षण का घोर विरोध किया था और संविधान सभा ने भी तय किया था कि हमारे देश में कभी भी धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा। लेकिन, जहां कांग्रेस सरकार है, वहां ये लोग दलितों और पिछड़ों का आरक्षण कम करके मुसलमानों को दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब ये लोग संविधान बदलकर एससी-एसटी-ओबीसी का पूरा आरक्षण मुस्लिमों को देना चाहते हैं। मैंने समाजवादी पार्टी से कहा था कि आप तो पिछड़ों की राजनीति करते हो, पिछले दरवाजे से पिछड़ों का आरक्षण लूटने का जो जाल बिछाया जा रहा है, जरा उसका विरोध तो कीजिए। लेकिन ये सपा वाले मुंह पर ऐसा ताला लगाकर बैठ गए कि वो बोलने को भी तैयार नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे कल्याण सिंह जी देश के महान नेता थे, उन्होंने पिछड़ों का सम्मान बढ़ाया। लेकिन जब उनका निधन हुआ तो सपा के मुखिया उन्हें श्रद्धांजलि देने तक नहीं गए। हमारे कल्याण सिंह जी रामभक्त थे, उन्होंने राम मंदिर के लिए अपनी सरकार बलिदान कर दी थी। उन्होंने कहा कि अगर ये बाबू जी को श्रद्धांजलि देने जाते, तो इनका वोटबैंक नाराज हो जाता। वोटबैंक को खुश करने के लिए ये लोग क्या करते हैं? जब यूपी में एक माफिया की मौत होती है, तो ये उसकी कब्र पर फातिहा पढ़ने पहुंच जाते हैं। उन्होंने कहा कि एक जमाना था, जब सूखा बुंदेलखंड की पहचान बन गया था। बूंद-बूंद पानी को हमारा बुंदेलखंड तरसता था! सपा-कांग्रेस की सरकारें क्या करती थीं? योजनाएं निकालती थीं,फिर उसका पैसा खा जाती थीं।

मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ने केन-बेतवा लिंक परियोजना पर काम शुरू कर दिया है। आपके लिए पानी की समस्या दूर करने के लिए हमारी सरकार इस परियोजना पर 40 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च कर रही है। जब ये योजना पूरी होगी, तो बुंदेलखंड के इतिहास में एक नया अध्याय शुरू होगा। यहां के विकास को नए पंख लग जाएंगे। ये योजना सिर्फ और सिर्फ भाजपा ही पूरा कर सकती है। इसलिए बुंदेलखंड के तेज विकास के लिए, मैं भाजपा के लिए आपका आशीर्वाद मांगने आया हूं। उन्होंने दावा किया कि पिछली सरकारें कहती थीं - बुंदेलखंड तो बीहड़ है! वहां कौन जाएगा? मैं कहता हूं, बुंदेलखंड वीरता और विकास की धरती है। यहां कौन नहीं आएगा।

स्वाति मालीवाल का पलटवार, कहा

बीस साल पुरानी कार्यकर्ता को भाजपा का एजेंट बताया

नई दिल्ली (एजेंसी)। आम आदमी पार्टी ने शुक्रवार को अपनी राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल पर चौतरफा हमला बोला।

कुछ दिन पहले स्वाति मालीवाल ने अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार पर दिल्ली के मुख्यमंत्री के आवास पर उनके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया था। हालांकि, अब आम आदमी पार्टी (आप) पर स्वाति मालीवाल ने पलटवार किया है। उन्होंने एक्स पोस्ट में कहा कि पार्टी में कल के आए नेताओं से 20 साल पुरानी कार्यकर्ता को भाजपा का एजेंट बता दिया। दो दिन पहले पार्टी ने प्रेस कांफ्रेंस में सब सच कबूल लिया था और आज यूटर्न। मालीवाल ने बिभव कुमार का नाम लिए बिना कहा कि ये गुंडा पार्टी को धमका रहा है, मैं अरेस्ट हुआ तो सारे राज खोलूँगा। इसलिए ही लखनऊ से लेकर हर जगह शरण में घूम रहा है। उन्होंने कहा कि आज उसके दबाव में पार्टी ने हार मान ली और एक गुंडे को बचाने के लिए पूरी पार्टी से मेरे चरित्र पर सवाल उठाए गए। कोई बात नहीं, पूरे देश की महिलाओं के लिए अकेले ही लड़ती आई हूँ, अपने लिए भी लड़ूँगी। जमकर करैक्टर असैसीनैशन करो, वक्त आने पर सब सच सामने आएगा! सांसद स्वाति मालीवाल ने शुक्रवार को कहा कि मुख्यमंत्री आवास पर उनके साथ हुयी बदसलूकी में आरोपी को बचाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन मुख्यमंत्री आवास के अंदर के सीसीटीवी फुटेज की जांच होते ही सत्य सबके सामने आ (शेष पेज 2 पर)

मुख्यमंत्री आवास के सीसीटीवी फुटेज की जाँच होते ही सत्य सामने आएगा

तीस हजारी कोर्ट में दर्ज कराया बयान

स्वाति मालीवाल ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आधिकारिक आवास पर हुए कथित हमले के मामले में शुक्रवार को दिल्ली की तीस हजारी अदालत में अपना बयान दर्ज कराया। मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट कात्यायनी शर्मा कंडवाल ने अपने कक्ष में मालीवाल का बयान दर्ज किया। सीआरपीसी की धारा 164 के तहत, एक न्यायिक मजिस्ट्रेट के पास बयान या कबूलनामे को रिकॉर्ड करने का अधिकार है।मालीवाल का बयान दर्ज करने के बाद, दिल्ली पुलिस ने गुरुवार देर रात आईपीसी की धारा 323, 354, 506, और 509 के तहत एफआईआर दर्ज की। इसके बाद, एम्स में उनकी मेडिकल जांच भी हुई। प्राथमिकी के मुताबिक, कथित तौर पर कुमार ने मालीवाल को लात मारीं और सात से आठ बार थप्पड़ मारे। प्राथमिकी में यह भी कहा गया है कि मालीवाल द्वारा रुकने को कहे जाने के बावजूद कुमार नहीं माने।

खास-खबर

दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के लिए केंद्र सरकार जिम्मेदारः कांग्रेस

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस ने कहा है कि दिल्ली में करीब एक दर्जन बिजली स्टेशनों में मानकों की अनदेखी कर कोयले का इस्तेमाल किया जा रहा है और जन स्वास्थ्य पर हो रहे इसके दुष्प्रभाव को रोकने के लिए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार कदम नहीं उठा रही है। कांग्रेस ने कहा है कि दिल्ली में कोयले से चलने वाले 11 बिजली स्टेशन है और इनमें मानकों की धज्जियां उड़ाकर प्रदूषण को बढ़ावा दिया जा रहा है तथा दिल्ली के लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली के चुनाव में पर्यावरण एक विशेष स्थान रखता है। दिल्ली के पर्यावरण के लिए केंद्र सरकार प्राथमिक रूप से जिम्मेदार है।

झारखंड हाईकोर्ट ने राहुल पर लगाया 1000 रुपए का जुर्माना

रांची (एजेंसी)। झारखंड हाई कोर्ट में मानहानि मामले में चाईबासा स्थित एमपी /एमएलए की विशेष अदालत द्वारा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को समन जारी करने के आदेश को निरस्त करने को लेकर दायर याचिका की सुनवाई आज हुई। मामले में हाईकोर्ट ने राहुल गांधी की ओर से समय मांगे जाने पर उन पर 1000 रुपए का जुर्माना लगाया है। इससे पहले सुनवाई के दौरान प्रार्थी राहुल गांधी की ओर से दो सप्ताह के समय की मांग की गई थी।

सरकार आने पर रायबरेली और अमेठी का साथ-साथ होगा विकासः राहुल

अमेठी/रायबरेली (एजेंसी)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि गठबंधन की सरकार आने पर रायबरेली और अमेठी के विकास में बराबर की तवज्जो दी जायेगी। अमेठी संसदीय क्षेत्र के गौरीगंज-नंदमहर में गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा के पक्ष में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुये उन्होने कहा मैं आपका हूं,अमेठी का हूं, था और रहूंगा। मैं भले रायबरेली से सांसद बनूं लेकिन अमेठी मेरा परिवार है और हमेशा रहेगा। जो काम/योजना रायबरेली आयेगी वह अमेठी आयेगी ये मेरी गारंटी है। रायबरेली में अपनी मां सोनिया गांधी,बहन प्रियंका गांधी वाड्रा और सहयोगी सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की मौजूदगी में उन्होने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुये रायबरेली के भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि श्री मोदी संभावित हार को देखकर बौखलाये हुये हैं वे (शेष पेज 2 पर)

मैं आपको अपना बेटा सौंप रही हूं वे निराश नहीं करेंगेः सोनिया

कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी ने रायबरेली में एक जनसभा में भावुक अपील करते हुए कहा कि मैं आपको अपना बेटा सौंप रही हूं। जैसे आपने मुझे अपना माना, वैसे ही राहुल को अपना मानकर रखना। राहुल आपको निराश नहीं करेंगे। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने शुक्रवार को रायबरेली में एक संयुक्त जनसभा में कहा कि रायबरेली के मेरे परिवारजनों, मुझे खुशी है कि आज काफी समय के बाद आपके बीच आने का मौका मिला है। मैं हृदय से आपकी आभारी हूं। आपके सामने मेरा सिर श्रद्धा से झुका हुआ है। 20 साल तक एक सांसद के रूप में आपने मुझे सेवा का मौका दिया। ये मेरे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। रायबरेली मेरा परिवार है, वैसे ही अमेठी भी मेरा घर है। यहां से न केवल मेरे जीवन की कोमल यादें जुड़ी हुई हैं, बल्कि पिछले 100 साल से हमारे परिवार की जड़ इस मिट्टी से जुड़ी हुई है।

एनआईए ने विशाखापत्तनम जासूसी मामले में दायर की सप्लीमेंट्री चार्जशीट

नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पाकिस्तानी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) जासूसी नेटवर्क के माध्यम से वर्गीकृत रक्षा जानकारी के रिसाव से जुड़े विशाखापत्तनम जासूसी मामले में एक अन्य प्रमुख व्यक्ति के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया। मुंबई, महाराष्ट्र के निवासी अमान सलीम शेख पर औपचारिक रूप से एनआईए विशेष अदालत, विशाखापत्तनम में आईपीसी और गैरकानूनी गतिविधियां अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाया गया है। शेख इस मामले में एक मुख्य आरोपी है, जिसमें भारत के रक्षा प्रतिष्ठानों के बारे में संवेदनशील जानकारी निकालने के लिए भारतीय नौसेना कर्मियों को हनी ट्रैप में फंसाने की पाकिस्तानी एजेंटों की साजिश शामिल है।

परिवारवादी गठबंधन के नेताओं की नीति है 'फैमिली फर्स्ट': शाह

अमेठी (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि इंडिया गठबंधन परिवारवादी दलों का एक समूह है जिनकी नीति देश हित की बजाय परिवार के लोगों का भला करना है। पार्टी प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के पक्ष में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुये श्री शाह ने कहा कि 70 सालों के लंबे इंतजार के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की है। कांग्रेस वाले कहते हैं कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा ढंग से नहीं हुई।यदि ये इंडी गठबंधन वालेसत्ता में आए,तो फिर से मंदिर पर बाबरी ताला लगा देंगे। उन्होने कहा कि यह घमंडिया गठबंधन परिवारवादी सोच रखने वाले लोगों का गठबंधन है। लालू यादव अपने बेटे को, ममता बनर्जी अपने भतीजे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं और सोनिया गांधी अपने बेटे को प्रधानमंत्री बनाना (शेष पेज 2 पर)

पीओके के लोगों के तरफ से उठेगी मांग वह चाहते हैं भारत में विलय :राजनाथ

देवरिया (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के देवरिया में भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के वरिष्ठ नेता तथा केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर(पीओके) में हालात ऐसे बन रहे हैं कि वहां लोगों के तरफ से मांग उठेगी कि वह भारत में विलय करना चाहते है। रक्षा मंत्री ने देवरिया से बीस किलोमीटर दूर गौरी बाजार में भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी के समर्थन में एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) पर अपना दावा कभी नहीं छोड़ेगा लेकिन इसे बलपूर्वक अपने कब्जे में करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी क्योंकि इसके लोग कश्मीर में विकास को देखने के बाद स्वयं इसमें शामिल होना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में काफी सुधार हुआ है तथा क्षेत्र में काफी आर्थिक प्रगति हो रही है और वहां पहले से ज्यादा शांति व्यवस्था लौटी है। यह सब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व फल है। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने आधी सदी देश में चुनी हुई सरकारों को गिराने में लगा दी।

राह भटक गए हैं मोदीः खेड़ा

मुंबई(एजेंसी)। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चुनाव प्रचार अभियान की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि वह अपना सम्मान खो चुके हैं और राह भटक गये हैं। कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष खेड़ा ने श्री मोदी के अभियान पर तंज कसते हुए कहा कि इसमें मुद्दे और दिशा की कमी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को धर्म के आधार पर ध्रुवीकरण करने की सख्त जरूरत है। खेड़ा ने यहां तिलक भवन में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि श्री मोदी ने लोकसभा चुनाव के पिछले चार चरणों और पांचवें चरण के दौरान जब भी बोला है।

जेल के मेरे सीसीटीवी फुटेज भेजे जाते थे प्रधानमंत्री कार्यालय : केजरीवाल

अमृतसर (एजेंसी)। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि जेल में बैरक के बाहर उनकी निगरानी के लिये दो सीसीटीवी कैमरे लगे हुये थे और जेल के 13 अधिकारी उनके ऊपर 24 घंटे नजर रखते थे, और उसके फुटेज प्रधानमंत्री कार्यालय भेजे जाते थे। केजरीवाल एवं पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आज अमृतसर में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि इस बार पंजाब आने का उनक कोई खास एजेंडा नहीं था। वह इस बार यहां पंजाब के लोगों और अपने कार्यकर्ताओं से मिलने आये हैं। जेल में उन्हें उन लोगों की बहुत याद आती थी। केजरीवाल (शेष पेज 2 पर)

स्पेशल खबर *सीआईआई की बैठक में बोलीं वित्तमंत्री सीतारमण अच्छे बहुमत के साथ ...*

प्रधानमंत्री मोदी सत्ता में आ रहे हैं वापस

नई दिल्ली(एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकसभा में अच्छे बहुमत के साथ सत्ता में वापस आ रहे हैं। श्रीमती सीतारमण ने यहां भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की वार्षिक बिजनेस बैठक में उद्योग जगत के दिग्गजों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अच्छे बहुमत के साथ वापस आ रहे हैं। देश में आम चुनाव चल रहे हैं। सात चरणों में से चार चरण संपन्न हो चुके हैं। वोटों की गिनती चार जून को होनी है। वित्त मंत्री ने कहा कि सीआईआई टीम के साथ भी काफी विचार-विमर्श शुरू हो सकता है। देश में वैश्विक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने की क्षमता है, जिसे आईएमएफ और एसएंडपी जैसी वैश्विक एजेंसियों ने मान्यता दी है। उपभोग खर्च में वृद्धि के कारण 2031 तक बड़ा भारतीय उपभोक्ता बाजार दोगुना होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि देश भविष्य में भी सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा। इस विषय पर विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, भारत अतीत की दोहरी बैलेंस शीट समस्या से आगे निकल चुका है। दोहरी बैलेंस शीट का लाभ, जिससे बाजार में जीवंतता आई है, जिससे एक तरफ कॉरपोरेट्स द्वारा निवेश विस्तार को बढ़ावा मिला है और दूसरी तरफ बैंकों की ऋण देने की इच्छा और क्षमता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि अगले 30 वर्षों तक जनसांख्यिकीय लाभांश देश के पास रहेगा।



सोरेन को सुप्रीम कोर्ट से फिलहाल राहत नहीं, अब 21 मई को सुनवाई

नई दिल्ली (एजेंसी)। झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली। सोरेन ने ईडी की कार्रवाई और गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका दायर की है। उन्होंने चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत की भी गुहार लगाई है, लेकिन, जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि आज समयाभाव के कारण इस पर विस्तृत सुनवाई नहीं हो सकती। कोर्ट ने याचिका को अगले मंगलवार यानी 21 मई को सुप्रीम कोर्ट की अवकाश पीठ के समक्ष सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। शुक्रवार को जब सुप्रीम कोर्ट के समक्ष यह मामला सामने लाया गया तो ईडी की तरफ से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने इस पर जवाब के लिए समय की मांग की।